बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

विज्ञापन संख्या 02/2021, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन सहायक निदेशक–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त विज्ञापन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित निदेश की कंडिका– 9 के नोट (XI) में उल्लिखित है कि "विज्ञापन से संबंधित वर्णित सभी प्रमाण–पत्र अन्तिम रूप से भरे गये ऑनलाइन आवेदन को डैश बोर्ड से डाउनलोड कर हार्ड कॉपी अवश्य सुरक्षित रखेंगे। आयोग द्वारा किसी भी समय मांगे जाने पर उम्मीदवार को उक्त हार्डकॉपी एवं सभी मूल प्रमाण पत्र निश्चित रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त निदेश का अनुपालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता के संबंध में निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।"

उल्लेखनीय है कि उक्त विज्ञापन के अंतर्गत कतिपय अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किये गए प्रमाण पत्रों की प्रति अस्पष्ट है अथवा किसी अन्य के है तथा कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों को अपलोड नहीं किया गया है जिसके अभाव में उनकी अर्हता निर्धारण करने में कठिनाई हो रही है। उन अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है। अतः उन सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अपने ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं उक्त विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र/अंक पत्र तथा आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र (दावा करने की स्थिति में) की सुस्पष्ट तथा पठनीय प्रति आयोग कार्यालय, पटना में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से विज्ञापन संख्या अंकित करते हुए दिनांक 05.09.2022 की संध्या 5:00 बजे तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाय, ताकि उनकी अर्हता निर्धारण संबंधी कार्रवाई की जा सके। वांछित प्रमाण पत्रों की प्रति निर्धारित तिथि तक आयोग में प्राप्त नहीं होने पर उनके आवेदन उपर्युक्त कारणों से रद्द कर दिया जायेगा।

22.8.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना